दिनांक–07.09.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सारण (छपरा), सीवान, गोपालगंज जिले के छूटे हुए टोलों में किये गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न हैः–

Progress of Ongoing Water Supply Schemes (PHED-LOT)

सारण (छपरा):–39 निर्माणाधीन एवं पूर्ण योजनाओं की जियो टैग फोटोग्राफी और संबंधित दस्तावेज MIS पोर्टल पर सितम्बर माह, 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने का निदेश दिया गया।

सीवानः–MIS पोर्टल पर योजनाओं का डेटा अपडेट करने का निदेश दिया गया। MIS पर अपलोड कराये गये फोटोग्राफ्स में त्रुटियों के निराकरण करते हुए अपलोड करने का निदेश दिया गया साथ हीं अधीक्षण अभियंता, छपरा को निदेशित किया गया कि कार्यपालक अभियंता, सीवान से त्रुटिपूर्ण फोटोग्राफ्स अपलोड करने के संबंध में कारण पृच्छा की जाय।

गोपालगंजः–26 छूटे हुए टोलों के लक्ष्य के सापेक्ष MIS पोर्टल पर योजनाओं का डेटा अपडेट करने का निदेश दिया गया।

अधीक्षण अभियंता, छपरा को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रमंडलों में MIS पर अपलोड किये गये फोटोग्राफ्स का भौतिक निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता, छपरा/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र

Progress of Ongoing Water Supply Schemes (PRD-LOT)

सारण (छपरा):–548 निर्माणाधीन एवं पूर्ण योजनाओं की चरणवार स्थिति एवं Trial Run की स्थिति तथा हैंडओवर की अपेक्षित तिथि MIS पोर्टल पर अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया।

सीवानः–228 छूटे हुए टोलों में प्रत्येक योजना के लिए बोरिंग, मोटर, स्टेजिंग, पाइपलाइन, ट्रायल रन एवं पूर्णता की स्थिति सहित फोटोग्राफ्स साक्ष्य MIS पोर्टल पर अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया।

गोपालगंजः– 280 छूटे हुए टोलों में प्रत्येक योजना के लिए बोरिंग, मोटर, स्टेजिंग, पाइपलाइन, ट्रायल रन एवं पूर्णता की स्थिति सहित फोटोग्राफ्स साक्ष्य MIS पोर्टल पर अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया।

सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं को Timeline के अनुसार Trial Run में लाते हुए, सभी योजनाओं की विवरणी की अद्यतन स्थिति MIS पोर्टल पर प्रतिवेदित करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता, छपरा/ मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र

Site / Land Availability Status (PHED-LOT)

निदेशः–भूमि उपलब्धता/अनुउपलब्धता से संबंधित मामलों पर अंचल स्तर से भूमि उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र कार्रवाई करें एवं ऐसे मामलों का नियमित फॉलो–अप कर MIS पोर्टल पर अद्यतन करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता/विशेष कार्य पदा॰/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र

Site / Land Availability Status (PRD-LOT)

निदेशः–कार्यपालक अभियंता, गोपालगंज द्वारा बताया गया कि कुल 52 अदद् योजनाओं में भूमि से संबंधित समस्याएँ हैं। कार्यपालक अभियंता को जिला पदाधिकारी और अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी समस्याओं का निस्तारण करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/संबंधित कार्यपालक अभियंता/विशेष कार्य पदा॰

Electricity Bill dues and payment Status (PHED)

निदेशः–सभी जिलों में संवेदक का भुगतान अधीक्षण अभियंता एक सप्ताह के अंदर करवाएँ।

अनुपालन– संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता/मुख्य अभियंता, (यांत्रिक)

Electricity consumer Mapped Summary (CIVIL-PHED)

निदेशः–प्रत्येक योजनाओं के लिए उपभोक्ता संख्याओं का विवरणी एकत्र कर 15 दिन के भीतर MIS पोर्टल पर अपलोड करें।

अनुपालन– संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता/मुख्य अभियंता, (यांत्रिक)

Inspection of Commissioned Schemes & ATR Upload

निदेशः–सितम्बर माह, 2026 के अंत तक शत–प्रतिशत सभी योजनाओं का स्थल निरीक्षण पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जाँच प्रतिवेदन के साथ पाँच जियो टैग फोटोग्राफ MIS पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र

CGRC-Grievance Pending & Disposal Status

निदेशः–सभी लंबित शिकायतों का निराकरण 7 दिनों के भीतर करना सुनिश्चित करें। भविष्य में कोई भी शिकायत 7 दिनों से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। पाइपलाइन लीकेज, लो–वोल्टेज और जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए। जिलावार CGRC रिपोर्ट की नियमित समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से अवगत करायें।

अनुपालन–संबंधित कार्यपालक अभियंता/मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(बी॰ कार्तिकेय धनजी)
सचिव

ज्ञापांक–137 /पटना,दिनांक 08/09/2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा / सीवान / गोपालगंज /अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, छपरा /मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, मुजफ्फपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक–137 /पटना,दिनांक 08/09/2026

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/उत्तर बिहार/रूपांकण/यांत्रिक)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रा॰स॰/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/विशेष कार्य पदा॰/आई॰टी॰मैनेजर/सभी संबंधित पदाधिकारी/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना।